उपसभाध्यक्ष महोदया, अभी दिनांक 3 अगस्त, 1995 को दैनिक ट्रिब्यून में एक समाचार छपा है कि कलकत्ता से बंबई आ रही गीतांजलि एक्सप्रेस में एक अप्रवासी भारतीय की पत्नी के जेवर और नगदी तीन लाख रुपए की लूटी गई और उनका कोई सुराग नहीं मिला, जबकि गाडी वहां एक घंटे तक खडी रही। इस तरह की घटनाएं बडी भारी चिंताजनक है। रेलवे की जो यात्रा है, वह सबसे अच्छी यात्रा मानी जाती है। हम भी रेलवे में जाना पसंद करते हैं। अपनी हवाई यात्रा छोड़कर हम रेलवे में सफर करते हैं। जब इस तरह की रेल में लूटमार हो दिन दहाड़े और कुछ सुराग भी न मिले तो वास्तव में यह चिंता का विषय हो जाता है। रेलवे में प्रोटेक्शन फोर्स भी होगी, रेलवे का सारा प्रबंध होगा, फिर भी इस तरह की लूटमार की घटनाएं गाडी में होती है, गाडी खडी रहती है और चोरी के माल का, चोर का कोई सुराग नहीं मिलता। मैं समझता हूं कि यह विचार योग्य है।

महोदया, आदरणीय रेलवे मंत्री जी ने स्वयं 2/8/95 को कहा कि पिछले चार सालों मे 47 करोड़ 66 लाख रुपए की रेलवे की संपत्ति की चोरी हुई है। अगर इस तरह की चोरियां, रेलवे में सफर करने वाले यात्रियों की और खासकर महिलाओं के जेवर, नगदी की लूटमार होती है तो यह चिंता की बात है। मेरी आपके माध्यम से सरकार से और रेल मंत्री महोदय से प्रार्थना होगी कि इस तरह की घटनाओं को रोका जाए क्योंकि इससे रेलवे की बदनामी होती है, इसके प्रति विश्वास कम होता है। रेलवे में यात्रा करने वाली हर महिला के पास, चाहे वह गरीब हो या अमीर हो, जेवर जरूर होते है। अब अमीर महिला का हो सकता है कि दुबारा जेवर बनवाले, मगर गरीब महिला का जेवर गया तो वह अपने जीवन में दुबारा नहीं बनवा सकती।

महोदया, मैं आपका ज्यादा समय न लेता हुआ आपका बड़ा धन्यवादी हूं, जो आपने मुझे बोलने का समय दिया। मेरी प्रार्थना यही है कि इस तरह की घटनाओं की रोकथाम होनी चाहिए।

Famine conditions in Uttar Pradesh

प्रो0 राम बख्श सिंह वर्मा (उत्तर प्रदेश) : उपसभाध्यक्ष महोदया, आपने मुझे बोलने का अवसर दिया, बहुत बहुत धन्यवाद। मैं आपके माध्यम से इस सम्पानित सदन और सरकार का ध्यान उत्तर प्रदेश में अवर्षण अथवा अपर्याप्त वर्षा के कारण अकाल जैसी बन रही स्थिति की ओर आकर्षित करना चाहता हूं।

महोदया, इस वर्ष के मानसून के मौसम में जहां देश के अधिकांश भागों में सामान्य से लेकर काफी अधिक वर्षा होने के समाचार प्राप्त हो रहे हैं वहीं उत्तर प्रदेश के मैदानी भाग और बुन्देलखंड क्षेत्र में बहुत कम वर्षा होने के कारण कई स्थानों पर अकाल जैसी स्थिति उत्पन्न होती जा रही है। सबसे ज्यादा भयावह स्थिति मध्य उत्तर प्रदेश की बन गई है, जहां जुलाई माह में औसत वर्षा 100 मिलीमीटर के विरुद्ध कई जनपदों में मात्र 15 मिलीमीटर से भी कम वर्षा हुई है। इन जनपदों में, विशेष रूप से फर्रूखाबाद जनपद, जहां का मैं स्वयं का रहने वाला हूं और पड़ोसी जनपद कानपूर, मैनपूरी, इटावा, एटा, फिरोजाबाद, अलीगढ़ आदि जनपदों की स्थिति भी अवर्षण अथवा अपर्याप्त वर्षा के कारण भयावह होती जा रही है। जनपद

फर्रुखाबाद के बारे में मेरी निजी जानकारी है,

2p.m. जहां मक्का, ज्वार इत्यादि खरीफ की तमाम

फसलें तबाह हो गई है और जानवरों के लिए बोया गया हरा चारा सूखकर नष्ट हो गया है अपर्याप्त बिजली और नहरों में पानी के अभाव से धान को रोपाई नहीं हो सकी है। एक मोटे अनुमान के अनुसार 5 करोड़ से अधिक किसान प्रभावित हुए है और लगभग एक करोड़ किसान भुखमरी के कगार पर पहुंच गए है।

अतः मैं केन्द्र सरकार से हार्दिक अपील करता हूं कि इस अकाल की स्थिति में लोक कल्याणकारी राज्य की अवधारणा के अनुरूप बिना विलम्ब के उत्तर प्रदेश में सूखे की स्थिति में समीक्षा करके प्रभावित किसानों को यथाशीघ्र राहत पहुंचाने का काम करें। धन्यवाद।

उपसभाध्यक्ष (कुमारी सरोज खापर्डे) बहुत – बहुत धन्यवाद।

ANNOUNCEMENT RE. GOVERNMENT BUSINESS FOR THE WEEK COMMENCING TTH AUGUST, 1995

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI MATANGSINH): Madam Vice-Chairman, with your permission, I rise to announce that

[Shri Matangsinh]

Government Business during the week commencing 7th August, 1995, will consist of:-

1. Further consideration and passing of the Trade Marks Bill, 1995, as passed by Lok Sabha.

2. Discussion on the Resolution seeking disapproval of the Payment of Bonus (Amendment) Ordinance, 1995 and consideration and passing of the Payment of Bonus (Amendment) Bill, 1995.

3. Discussion on the Resolutions seeking disapproval of the following Ordinances and consideration and return of the Bills replacing these Ordinances, as passed by Lok Sabha:-

(a) The Union Duties of Excise (Distribution) Amendment Ordinance, 1995.

(b) The Additional Duties of Excise (Goods of Special Importance) Amendment Ordinance, 1995.

4. Consideration and passing of the Indian Telegraph (Amendment) Bill, 1995, as passed by Lok Sabha.

5. Discussion on the Resolutions seeking disapproval of the following Ordinances and consideration and .passing of the Bills replacing these Ordinances, as passed by Lok Sabha:—

(a) The Sick Textile Undertakings (Nationalisation) Amendment Ordinance, 1995.

(b) The Textile Undertakings (Nationalisation) Ordinance, 1995.

6. Consideration and return of the Jammu and Kashmir Appropriation (No. 2) Bill, 1995, as passed by Lok Sabha.

THE DEPUTY CHAIRMAN in the Chair

THE DEPUTY CHAIRMAN: Now, we have the statement on the Enron Power Project at Dabhol, Maharashtra. The Minister is here. We have half-an-hour. At the moment, we have half-an-hour, unless the House agrees to give more time. I have thirteen names before me. The first name in the list is that of Shri Gurudas Das Gupta. Then, we have Shri Digvijay Singh, but he is not here. Then we have Mr. Malkani's name here. Mr. Malkani wants to leave early; I think he can. Shri Gurudas Das Gupta also. The other names I have here are: Shri Chaturanan Mishra, Shri John Fernandes, Shri Jagesh Desai, Shri Jaipal Reddy, Shri G. Swaminathan, Shri Jagdish Prasad Mathur, Shri Inder Kumar Gujral, Shri E. Balanandan, Shri Anant Ram Jaiswal and Shri Satya Prakash Malaviya. These are the names before me.

श्री ईश दत्त यादव (उत्तर प्रदेश) : मैडम, हमारा भी?

उपसभापति : नहीं, जो नाम थे, वे बोल रही हूं, आपने अगर नाम दिया था तो आना चाहिए था। अगर दिया नहीं है तो दे दीजिए, पर समय का सवाल है।

SHRI SATISH AGARWAL (Rajasthan): Madam, is it a *suo motu* statement? *(Jnterruptions)*

Nobody demanded any statement from the hon. Minister.

THE DEPUTY CHAIRMAN: Members have demanded it in the House. *(Interruptions)*

SHRI S. JAIPAL REDDY (Andhra Pradesh): It is a *suo motu* statement.

SHRI CHATURANAN MISHRA (Bihar): He has got the right to make a *suo motu* statement.

STATEMENT BY MINISTERS

Enron Power Project at Dabhol in Maharashtra

THE MINISTER OF POWER (SHRI N.K.P. SALVE): Madam Deputy Chairman, A fax message was received yesterday by the Minister of Power from Secretary (Energy), Government of Maharashtra purporting to be the statement made by the Chief Minister of Maharashtra in the State Legislature in respect of the Enron Power Project at Dabhol in Maharashtra. The statement